# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026





## खबर संक्षेप

### आईटीआई बालोद में अप्रेंटिसशिप मेला 9 को

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में भारत सरकार की शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम अंतर्गत 9 फरवरी को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के प्राचार्य ने बताया कि अप्रेंटिसशिप मेला में शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी के अलावा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण–पत्र के साथ अप्रेंटिसशिप मेला में शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### 14-15 फरवरी को रोजगार मेला का आयोजन

**बालोद।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण नवा रायपुर द्वारा दुर्ग संभाग में 14 एवं 15 फरवरी को संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन प्रस्तावित है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि दुर्ग संभाग में 14 एवं 15 फरवरी को रोजगार मेला में कई प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में शामिल होने के लिए आवेदक को ई–रोजगार पोर्टल की वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही पंजीकृत आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताओं के प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ रोजगार मेला में शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### जमीन बिक्री के नाम पर 55 लाख की ठगी

**भिलाई।** भूमि विक्रय के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी के मामले में सुपेला पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को जमीन का एग्रीमेंटधारी बताकर प्रार्थी से लाखों रुपये की ठगी की। पुलिस जांच में फर्जी दस्तावेज और फर्जी बैंक खाते के जरिए रकम आहरण करने का पूरा तरीका सामने आया है। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके समीप स्थित लगभग 38,090 वर्गफीट खाली भूमि, जो राजस्व रिकॉर्ड में संदीप जैन और अनुराग जैन के नाम पर दर्ज है, को आरोपी कुलदीप सिंह सोनी ने स्वयं के नाम एग्रीमेंट होना बताकर बेचने का झांसा दिया।

**प्रवचन**

**मानव जीवन की सार्थकता धर्म, ध्यान और तपस्या में निहित**

# जैन महासती हंसकीर्तिश्रीजी मसा के प्रवचनों में धर्ममय जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय प्रांगण के सभागार में बुधवार को जैन साध्वी प्रवर्तिनी निपुणाश्रीजी मसा की सुशिष्या महासती हंसकीर्तिश्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला में मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनन्त उपकारी परमात्मा ने हमें जीवन जीने की कला सिखाई है तथा मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य समझाया है।

■ धन-संपत्ति के मोह में व्यर्थ न गवाएं जीवन का अनमोल

महासती जी ने कहा कि जीव के अनन्त भव हो चुके हैं, जिनमें पाप के भव अधिक और धर्म के भव कम रहे हैं। इसी कारण पाप के संस्कार गहराई तक बैठ गए हैं और छोटा सा निमित्त मिलते ही पाप की प्रवृत्ति सक्रिय हो जाती है, जबकि धर्म के कार्यों के लिए निरंतर प्रेरणा की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने कहा कि पाप में मन एकाग्र हो जाता है, परंतु धर्म क्रिया में मन नहीं लगता, क्योंकि पाप के संस्कार भीतर गहरी पैठ बना चुके हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक माला फेरने में मन भटकता है, परंतु धन-संपत्ति गिनने में मन एकाग्र हो जाता है। यह अनादि काल से चले आ रहे पाप संस्कारों का परिणाम है। मानव भव की सार्थकता इसी में है कि इसे धर्म, ध्यान, त्याग और तपस्या से सिंचित किया जाए, ताकि भीतर बैठे पाप संस्कार समाप्त हों और कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो। महासती जी ने कहा कि धन अर्जन बुरी बात नहीं है, परंतु धन के पीछे धर्म को भूल जाना गलत है। चक्रवर्ती सम्राट भी एक कौड़ी अपने साथ नहीं ले गए, सब यहीं का यहीं रह गया। उन्होंने बताया कि धन के लिए किए गए कष्ट भव बढ़ाते हैं, जबकि धर्म क्षेत्र में सहन किए गए कष्ट भविष्य के दुःखों पर विराम लगाते हैं। उन्होंने संसार को चिंता का सागर बताते हुए कहा कि धन न हो तो चिंता, धन आ जाए तो उसकी सुरक्षा की चिंता ,मानव जीवन निरंतर चिंताओं में घिरा रहता है।



### मोह-माया संसार परिभ्रमण का कारण

ज्ञानियों ने धन को "ग्यारहवां प्राण" कहा है, और इसकी अत्यधिक आसक्ति व्यक्ति को दुर्गति की ओर ले जाती है। आत्मा अनंत गुणों से युक्त है और परमात्मा बनने की क्षमता रखती है, परंतु हम मानव भव को धन-संपत्ति के प्रपंचों में व्यर्थ कर देते हैं। प्रवचन में महासती जयकीर्तिश्रीजी मसा ने कहा कि व्यक्ति जिस स्थान, परिवार, समाज या शरीर में अधिक समय रहता है, वहाँ ममता का भाव उत्पन्न हो जाता है। यही मोह-माया संसार परिभ्रमण का कारण है। जब तक संसार बंधन नहीं लगेगा, तब तक मुक्ति संभव नहीं है। मन, वचन और काया की प्रवृत्तियों को धर्म-ध्यान की ओर जोड़ने से ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रवचन के अंत में महासती जी ने सभी को प्रतिपल जागरूक रहकर धर्ममय जीवन जीने, प्रमाद, आलस और फिजूलखर्ची से दूर रहने तथा मानव भव को धर्म से जोड़कर सार्थक बनाने का संदेश दिया।

## जिला प्रशासन आयोजित करेगा जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बालोद द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पटेली में 16 फरवरी तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कमकापार में 26 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन हेतु ग्राम पटेली में आयोजित शिविर हेतु अनुविभागीय अधिकारी डौण्डी सुरेश साहू नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह ग्राम कमकापार में आयोजित शिविर हेतु अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक माह न्यूनतम दो जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिनमें सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निराकरण करना है। जिससे राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए शिविर स्थल पर सभी विभागों के सुव्यवस्थित स्टॉल लगाए जाएंगे और योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

■ डौण्डी व डौण्डीलोहारा में ग्रामीण समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शिविर

## आत्मानंद स्कूल में छात्र-छात्राओं के संग देखा 'परीक्षा पर चर्चा' का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9वें संस्करण के लोकप्रिय कार्यक्रम "परीक्षा पर चर्चा" का सीधा प्रसारण गुरुवार, 6 फरवरी को दूरदर्शन के माध्यम से प्रदेशभर की शासकीय शालाओं में देखा व सुना गया। इसी कड़ी में स्थानीय आत्मानंद स्कूल में कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं के साथ जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों ने कार्यक्रम का सामूहिक अवलोकन किया।

■ जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवियों ने साझा किए प्रेरक अनुभव

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व की तैयारी, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया, जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने परीक्षा को जीवन का बोझ नहीं, बल्कि आत्ममूल्यांकन का अवसर मानने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भी विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण तथा निरंतर अभ्यास पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि हर व्यक्ति के पास समान समय होता है, लेकिन उसका सदुपयोग या दुरुपयोग हमारे हाथ में होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना हर क्षण राष्ट्रसेवा को समर्पित किया है। वे युवाओं को देश का भविष्य मानते हैं, इसलिए हर वर्ष 'परीक्षा पर चर्चा' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हैं। उनके दिए गए सुझावों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढ़ा, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, जनभागीदारी समिति सदस्य सरोज पटेल एवं ब्लॉक शिक्षाधिकारी हिमांशु मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित कर उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में एबीओ साहू, संस्था प्राचार्य, शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण व सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, जिससे छात्र-छात्राओं में परीक्षा को लेकर आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार हुआ।

### बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए जिला स्तरीय हेल्पलाइन जारी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 को लेकर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने नई पहल की है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने आगामी 20 फरवरी से 18 मार्च के बीच होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों की सहायता और उनके परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए जिला स्तरीय हेल्पलाइन–2026 जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विषय विशेषज्ञ प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान परीक्षार्थी अपनी विषयगत समस्याओं के लिए विशेषज्ञों से सीधे मोबाईल नंबर से संपर्क कर अपनी समस्या कन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने हाई एवं हायर सेकण्डर स्कूल के गणित, अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन और वाणिज्य वाले विषयों सहित कुल 13 संकायों के लिए अनुभवी प्राचार्य एवं व्याख्याताओं की सूची एवं मोबाईल नंबर जारी की है। इसी तरह बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान होने वाले परीक्षा के दौरान मानसिक तनाव प्रबंधन हेतु सिविल सर्जन डॉ. श्रीमाली से संपर्क कर उचित परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

## छग सोनकर समाज का वार्षिक महाधिवेशन आज से

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ सोनकर समाज पंजीयन क्र. 3275 का वार्षिक महाधिवेशन सत्र 2026 कार्यक्रम 7 फरवरी से 10 फरवरी तक नवापारा नगर में स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर गोवर्धन सभा भवन में संपन्न होगा जिसमें प्रथम दिवस सभी केंद्रीय पदाधिकारियों और राज प्रतिनिधियों का उपस्थिति हाजिरी लिया जाएगा तत्पश्चात भगवान श्रीराम जानकी की पूजा अर्चना पश्चात सामूहिक प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण किया जाएगा।

द्वितीय दिवस 8 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से न्याय पंचायत कैंप के माध्यम से सामाजिक प्रकरणों कि सुनवाई एवं निराकरण किया जाएगा, उसी दिन दोपहर 2:00 बजे से शिक्षा विकास समिति का मंचीय कार्यक्रम संपन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू उपस्थित रहेंगे, अति विशेष अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सामाजिक दानदाता संतु लाल सोनकर, पार्षद निर्मला धीरज साहू, सभापति सचिन सचदेव एवं पार्षद भारत सोनकर के साथ ही छत्तीसगढ़ से सोनकर समाज के महामंत्री चेतन सोनकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष रमेश सोनकर ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष गण सियाराम सोनकर, अनिल सोनकर, मनोज सोनकर, अंकेक्षक अखिलेश सोनकर, उप मंत्री भागवत इंदौरिया, शिक्षा विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ दाऊलाल इंदौरिया सहित समस्त केंद्रीय पदाधिकारी गण सलाहकार तामेश्वर सोनकर, रोहित सोनकर, संतोष सोनकर, भगवान दास सोनकर, विधिक सलाहकार गजेंद्र सोनकर, कार्यालय मंत्री विजय सोनकर, श्री राम जानकी विद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष कोमल सोनकर, श्री राम जानकी मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पवन सोनकर, छात्रावास के सचिव गज्जू सोनकर, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सौरभ सोनकर, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुश्री यशोदा सोनकर एवं सभी राज अध्यक्षों कुल कुटुंब गणों की उपस्थिति में संपन्न होगा। सर्वप्रथम माननीय अतिथि गणों के कर कमल से समाज के नए भवन लागत राशि 20 लाख रुपए का भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न होगा तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के सामाजिक दर्पण सोनकर संचेतना के 30वें संस्करण का विमोचन तथा समाज के प्रतिभाओं का सम्मान समारोह संपन्न होगा।

### महाधिवेशन को सफल बनाने अध्यक्ष ने की सहयोग की अपील

तृतीय दिवस 9 फरवरी को शेष सामूहिक प्रकरणों की सुनवाई एवं पंच फैसला की कार्रवाई संपन्न किया जाएगा, चतुर्थ दिवस 10 फरवरी को पंच फैसला का सामाजिक पटल पर वाचन होगा तत्पश्चात महाधिवेशन के समापन की घोषणा होगी। महाधिवेशन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के समस्त केंद्रीय पदाधिकारी गण शिक्षा विकास समिति के सभी साथी गण युवा प्रकोष्ठ के साथी गण एवं महिला प्रकोष्ठ की नारी शक्तियां अपने-अपने स्तर पर समाज के निर्देशानुसार लगे हुए है उक्ताशय की जानकारी समाज के प्रदेश उपमंत्री भागवत इन्दोरिया सोनकर ने दिया अध्यक्ष महोदय ने समस्त कुल कुटुब गणों को महाधिवेशन को सफल बनाने हेतु सहयोग करने की अपील किया है।

## राजीव लोचन आयुर्वेद महाविद्यालय में पंचकर्म चिकित्सा से रोगियों को राहत

**अंडा।** राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, गुण्डरदेही रोड़, चंदखुरी, दुर्ग (छ.ग.) के पंचकर्म विभाग में विभिन्न जटिल रोगों से पीडित रोगियों का पूर्णतः आयुर्वेदिक पद्धति व पंचकर्म चिकित्सा द्वारा सफल उपचार किया जा रहा हैं।

■ आयुर्वेद से सायटिका, वातरोगों का शत प्रतिशत ईलाज



विभाग में दीर्घकालीन बीमारियों से ग्रस्त रोगी सायटिका (गृधसी), कमर दर्द (कटिग्रह), गर्दन दर्द (मन्याग्रह), रीढ़ की हड्डियों में दर्द व अकड़न, जोड़ों के दर्द, घुटने का घिस जाना, घुटने में गैप आना, पैरालिसिस (लकवा), तनाव, अनिद्रा, अवसाद (डिप्रेशन) सहित अन्य अस्थि-स्नायु एवं मानसिक विकारों से पीड़ित व जिन्होंने अन्य चिकित्सा पद्धतियों का सहारा लिया किन्तु कोई स्थायी लाभ नहीं मिला, ऐसे मरीजों का वैज्ञानिक एवं शास्त्रोक्त पंचकर्म विधि से उपचार किया जाता हैं। उपचार के अंतर्गत अभ्यंग (तैल से मालिश), स्वेदन, वमन, विरेचन, विभिन्न प्रकार की वस्ति, नस्य, शिरो अभ्यंग, शिरोधारा, आदि प्रक्रियाओं का चयन रोगी की प्रकृति एवं रोगावस्था के अनुसार किया जाता हैं। उपचार उपरांत रोगियों में दर्द, जकड़न, मानसिक तनाव में उल्लेखनीय सुधार मिलता हैं। पंचकर्म विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार पटेल ने कहा कि पंचकर्म विशेषज्ञों द्वारा रोगी की जाँच के बाद उन्हें एक व्यक्तिगत पंचकर्म उपचार योजना से गुजरने की सलाह दी जाती है, यह प्रक्रिया रोगी व रोग अवस्था अनुसार निश्चित दिनों के लिए तय की जाती हैं। इसी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. लाल रवि साहू का मानना हैं, कि पंचकर्म चिकित्सा के द्वारा सायटिका या वातरोगों के अतिरिक्त अन्य रोगों का भी उपचार किया जाता हैं।

### संस्था समाज के स्वास्थ्य के प्रति समर्पितः डॉ. राज

राजीव लोचन चिकित्सालय के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. उन्नयन राज का कहना हैं, कि यहाँ महिला एवं पुरुष मरीजों के लिए अलग-अलग थैरेपी कक्ष एवं थैरापिस्ट की व्यवस्था है, और सभी उपचार अनुभवी डॉक्टरों की देख-रेख में किए जाते हैं। चिकित्सालय में भर्ती हेतु पूर्ण सुविधायुक्त 60 शैय्या के वार्ड स्थापित की गई हैं तथा आधुनिक यंत्रो से युक्त एक्सरे, पैथोलॉजी, फिजियोथेरेपी एवं उक्त ई.सी.जी. मशीन की सुविधा न्यूनतम दरों में उपलब्ध हैं, मरीजों एवं उनके परिजनों के भोजन हेतु कैन्टीन की व्यवस्था हैं। डॉ. उन्नयन राज ने कहा कि यह संस्था समाज के स्वास्थ्य के प्रति समर्पित हैं, और आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सा के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कन्हारपुरी में त्रि-दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

साकेत मानसगान समिति द्वारा ग्राम कन्हारपुरी में त्रि दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 6 से प्रारंभ हुआ है जिसका समापन 8 फरवरी को होगा। जिसमें 6 फरवरी को मुख्य अतिथि संचालक रामलीला मंडली कन्हारपुरी गणेश राम साहू थे। अध्यक्षता भूखाराम देवांगन ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज कन्हारपुरी तीजूराम साहू, ग्राम पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कन्हारपुरी मदनलाल हिरवानी, पोशण लाल देवांगन उपस्थित थे।

■ साकेत मानसगान समिति ने किया आयोजन

6 फरवरी को श्री राम भक्त मानस परिवार कन्हारपुरी, नारी शक्ति महिला मानस मंडली सुभाश नगर गुरूर, श्री राम किंकर मानस परिवार खपरी कला राजनांदगांव की प्रस्तुति दी। 7 फरवरी को शाम 4 बजे विशेष अतिथि आकाश खत्री, मनीश जैन, बसंत भुआर्य, कोशाध्यक्ष ग्राम विकास समिति कन्हारपुरी छगन, किशनलाल सिन्हा उपस्थित रहेंगे। इस दौरान 7 फरवरी को दाई के दुलार मानस एवं रामधुनी मंडली कन्हारपुरी, जय मां मनकेसरी महिला मानस परिवार टहकापार, जय मां शीतला श्री राम के सुख मानस परिवार अंतागढ़, भक्ति सागर महिला मानस मंडली धौराभाठा, ज्ञान गंगा महिला मानस मंडली कोचेरा, जय मां शीतला मानस मंडली भिलौरी नयापारा, मारूति मानस परिवार ईर्रा, सरस्वती मानस परिवार कपसदा की प्रस्तुति होगी। तृतीय दिवस 8 फरवरी को मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू होंगी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू करेंगे। विशेष अतिथि सदस्य जनपद पंचायत गुरूर सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष जिला भाजपा बालोद कौशल राम साहू, जनप सदस्य जनपद पंचायत गुरूर लता लक्ष्मीचंद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी भागा बाई, रामदयाल साहू, कविता रेखराम गंगबेर उपस्थित रहेंगे।

### ये देंगे प्रस्तुति

इस दौरान श्रीराम भक्त मानस परिवार कन्हारपुरी गुरूर, श्रीराम मानस परिवार मोतिमपुर धमतरी, जय मां गायत्री संपूर्ण महिला मानस मंडली चिरचारी खुर्द, अवध रघुनंदन मानस मंडली छलकनी धमतरी, पावन गंगा महिला मानस परिवार मठपुरैना रायपुर, तुलसी के राम मानस परिवार कपसीडीह, शारदा बालिका मानस परिवार रामपुर धमतरी, श्रीवैष्णव बंधु मानस परिवार पेण्डरी गोबरा दुर्ग की प्रस्तुत होगी।

## पेंशनधारियों ने साझा किया अनुभव मासिक बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय





**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की मासिक बैठक पेंशन भवन शिकारीपारा बालोद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्राचार्य लखन लाल रातें थे। विशिष्ट अतिथि वन विभाग से सेवानिवृत सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी मोहनलाल धुर्वे एवं सेवा निवृत अधीक्षक पंवर सिंह सोरी थे। अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा के नेतृत्व में अतिथियों ने विद्या की देवी सरस्वती माता की पूजा अर्चना संपन्न की गई। सरस्वती वंदना का गायन सीआर साहू के द्वारा किया गया।

बैठक में कोषाध्यक्ष ईश्वर नाथ योगी द्वारा वर्ष 2025 की आय व्यय की जानकारी प्रदान किया गया। महिला प्रसाधन के निर्माण में व्यय की गई राशि का आहरण कर संबंधित दुकानदार एवं व्यक्ति को भुगतान किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। अतिथियों ने कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात संघ के कार्यों में जुड़े रहने से हमें ऐसा नहीं लगता कि हम सेवानिवृत हो गए हैं बल्कि समाज और संघ के लिए कार्य कर रहे हैं, ऐसा हमें एहसास होता है। मासिक बैठक में उपस्थित होने से पेंशनर साथियों के विचारों के आदान–प्रदान होने से हममें नई ऊर्जा का संचार होने लगता है। अतः हमें प्रत्येक माह की बैठक में अपनी उपस्थिति प्रदान करना चाहिए। दिवंगत पेंशनर हिम्मत लाल यादव, धनवार सिंह साहू, बलिराम यादव एवं रामहीन बाई देशमुख को मौन श्रद्धांजलि दी गई। आभार प्रदर्शन महामंत्री बीआर बेलसर ने किया।

## तमोरा में अत्याधुनिक गन्ना हार्वेस्टर मशीन का लोकार्पण

**बालोद।** जिला खनिज न्यास बालोद के वित्तीय सहयोग से दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद द्वारा ग्राम तमोरा में अत्याधुनिक गन्ना हार्वेस्टर मशीन का विधिवत लोकार्पण संपन्न हुआ।



इस अवसर पर जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष तोमन साहू, पूर्व नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष राकेश यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख उपस्थित थे। दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद के प्रबंध संचालक पीआर राठिया ने बताया कि यह ऐसी हार्वेस्टर मशीन है जो विशेष रूप से गन्ना किसानों के लिए उपलब्ध कराई गई है। यह मशीन गन्ना कटाई के साथ ही छिलाई का कार्य भी करता है। वर्तमान में गन्ना कटाई एवं छिलाई में कृषकों को अधिक समय व मजदूरी लगता है। मशीन के उपयोग से 80 से 100 टन (लगभग 2.50 एकड़) गन्ना की कटाई व छिलाई एक ही दिन में हो पायेगा। कटाई के साथ ही मशीन से इनफील्डर के माध्यम से सीधे ट्रेक्टर या अन्य वाहन में भरकर परिवहन किया जाएगा। गन्ने की समान रूप से कटाई होने से आगामी गन्ना फसल के लिए कृषकों को रेटुन (ठुठ) का पृथक से प्रबंधन नही करना पड़ेगा। कृषकों के कटाई, छिलाई, भराई व रेटुन गन्ना के प्रबंधन के व्यय भार कम होने से गन्ना खेती में अधिक बभ होगा। गन्ना हार्वेस्टर मशीन का लोकार्पण पश्चात अतिथियों एवं कृषकों के समक्ष ग्राम तमोरा के 10 एकड़ के गन्ना फसल को मशीन से कटाई, छिलाई एवं भराई कर हार्वेस्टर मशीन के संचालन का प्रदर्शन भी किया गया।



तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

4 धूमधाम से मना प्रगति विद्यालय का 33वां वार्षिकोत्सव



2 जैन महासती हंसकीर्तिश्रीजी मसा के प्रवचनों में





## खबर संक्षेप

### मां कंकालिन मंदिर में हुई चोरी, जांच जारी

**गुरूर।** कनेरी तहसील गुरुर स्थित मां कंकालिन मंदिर में चोरी की घटना हुई, जिसकी शिकायत अध्यक्ष मां कंकालिन में मंदिर समिति कनेरी जनार्दन सिन्हा द्वारा पुरुर थाना में की गई। सीसी टीवी का फुटेज भी गुरुर थाना में सौपा गया।

### मड़ई मेला 7 को

**गुरूर।** पिकरीपार मे मंडई मेला का आयोजन 7 फरवरी शनिवार को किया गया है। जिसके रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन किया जाएगा। तुकाराम साहू, राधेलाल साहू, चुरामन साहू, मंशाराम साहू ने बताया इसमे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### त्रि-दिवसीय सरस्वर मानस गान स्पर्धा का आयोजन

**गुरूर।** नर्रा में त्रि दिवसीय सरस्वर मानस गान प्रतियोगिता एवं हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। जो 6 फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित होगा। प्रतिभागी मानस मंडलियों के लिए विशेष पुरस्कार रखा गया है। यह जानकारी हेमंत सर्वा, उषाबाई, युवराज अठनागर ने दी।

### प्रशिक्षण व पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा 20 से

**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के कक्षा 10वीं तथा 12वीं के हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षाओं के अंतर्गत शारीरिक प्रशिक्षण, पत्रेपाधि मुख्य परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च के मध्य आयोजित होगी। जिले में उक्त परीक्षाओं के संपादन तथा केन्द्र निर्धारण, गोपनीय सामग्री का परिवहन, वितरण, परीक्षा के दौरान केन्द्रों में उड़नदस्ता दल भेजने एवं मूल्यांकन आदि कार्य के लिए अपर कलेक्टर अजय कुमार लकरा बालोद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### कार ने बाइक को मारी ठोकर, दो घायल

**बालोद।** बाईक में बैठकर काम में जा रही महिलाओं को कार ने ठोकर मार दिया। जिससे महिलाएं घायल हो गई। जिसके बाद पीड़ित महिलाओ ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम हल्दी निवासी सेवती बाई साहू ने पुलिस को बताया कि सुबह मै अपने रिश्तेदार जयप्रकाश के मोटर साइकिल क्र. सीजी 24 जे 8546 में गांव के दुलारी बाई के साथ तीनो मोटर साइकिल में बैठकर बेलोदी काम करने जा रहे थे कि कार सीजी 05 ई 5292 के चालक ने सामने से ठोकर मार दिये, ठोकर मारने से मेरे बाये हाथ की कलाई में चोंट लगा है खून निकला है मेरी सहेली दुलारी बाई के दाहिने हाथ की कलाई, सिर एवं कमर में चोंट लगी है। राह चलने वाले खोमन बारले को भी कार चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट किये है। जिससे मुझे व दुलारी बाई को काफी चोंट लगी है।

# किसान नहीं पहुंचे, शिकारीटोला में बढ़ी अवधि में नहीं हुई धान खरीदी

## पांच और छह फरवरी की अतिरिक्त तिथि पर भी कोई बिक्री नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ धान स्टॉक में है लेकिन उठाव और परिवहन में देरी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि में पांच व छः फरवरी को दो अतिरिक्त दिवस की वृद्धि किए जाने का आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान उपार्जन केंद्र शिकारीटोला में एक भी दाना धान की बिक्री नही हुई ,पूर्व में धान बिक्री करने सत्यापन कराए तीन कृषकों का नाम की सूची धान खरीदी केंद्र के भवन के बाहर चस्पा की गई थी किंतु इनमे से एक भी किसान धान बिक्री करने नही पहुंचा जिससे धान खरीदी के तिथि बढ़ाने का लाभ किसान नही ले पाए। 6 फरवरी को फगवाराम/हीरालाल, अरमुरकसा का 26क्विंटल धान, गोदावरी बाई/सेवक राम ग्राम गिधाली का 18.80क्विंटल, सेवकराम/बलीराम ग्राम गिधाली का 20.80 क्विंटल धान का टोकन कटने का सूचना का कागज धान खरीदी केंद्र भवन में चस्पा किया गया था। धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान का उठाव ना होने समिति को सूखत की मात्रा बढ़ने का भय सता रहा है क्योंकि धान खरीदी प्रारंभ हुआ उस समय का धान का उठाव नही हुआ है ,मिली जानकारी अनुसार धान खरीदी केंद्र में मोटा धान 30460 क्विंटल धान,पतला धान 3990 क्विंटल धान, सरना धान 3460 क्विंटल धान स्टॉक रखा हुआ है।



### डीओ जारी पर परिवहन नहीं

जिसमे से संग्रहण केंद्र जगतरा फड़,धोबनपुरी व मालीघोरी के लिए मोटा धान 27490.05 क्विंटल, सरना धान 2731 क्विंटल धान, का परिवहनकर्ता को डी ओ जारी किया गया है किंतु धान का परिवहन नही किया गया है तथा राइस मिलर्स के नाम पर को मोटा धान 460 क्विंटल धान, पतला धान 3990 क्विंटल धान व सरना धान 280 क्विंटल धान का परिवहन हेतु 2 जनवरी, 5 जनवरी तथा 6 जनवरी का डी ओ जारी किया गया है किंतु आज पर्यंत तक धान का परिवहन नही किया गया है।

## वार्ता

### पढ़ाई, तनाव और जीवन कौशल पर पीएम ने दिया मार्गदर्शन

# चिटौद प्राथमिक विद्यालय में हुआ 'परीक्षा पे चर्चा' का सीधा प्रसारण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

परीक्षा पे चर्चा में चिटौद प्राथमिक विद्यालय के 125 बच्चों ने प्रधानमंत्री की बातचीत देखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडिशन में देशभर से आए बच्चों से मुलाकात की।

दिल्ली स्थित पीएम आवास पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर के अलग अलग राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से आए 36 बच्चों को असम के गमछे पहनाए और फिर उनके सवालों के जवाब दिए तथा बच्चों से सवाल भी पूछे।

इस महत्वपूर्ण जीवनोपयोगी परिचर्चा को शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद के कक्षा पहली से पांचवीं में अध्ययनरत 125 विद्यार्थियों, बाल संसद व इको क्लब के सदस्य, प्रधानपाठक मोहनी चंद्राकर, शिक्षक परिवार में निशा बघेल, लिकेश्वरी मार्कण्डेय ने कंप्यूटर सिस्टम तथा एलईडी टीवी के माध्यम से देखा।

### स्किल और मार्क्स के बीच संतुलन होना जरूरी

पीएम मोदी ने कहा विकसित भारत को अपना सपना बनाएं। खुद पर भरोसे से भगाएं कोई भी डर, देश की अमर कहानियों पर गेम बनाओ, मार्क्स –मार्क्स की बीमारी से बचो, स्किल या मार्क्स में से एक के पीछे न भागो। इन 5 महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा करते हुए पहले एपिसोड में मोदी ने स्किल जरूरी है या मार्क्स के जवाब में कहा कि इस सवाल का कोई सही जवाब नहीं है। अगर एक तरफ झुकोगे तो गिरोगे ही। सही जवाब है कि दोनों के बीच संतुलन होना जरूरी है। इसके साथ ही बच्चों को विदेशी चीजें छोड़कर स्वदेशी चीजें अपनाने की सलाह दी। साथ ही, बच्चों से कहा कि वो 25 साल में विकसित भारत बनाने को अपना सपना बनाएं।

### परीक्षा को जीवन उत्सव की तरह अपनाना है: पीएम नरेंद्र मोदी

संस्था के सहायक शिक्षक व इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के संयोजक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि परीक्षा पे चर्चा छात्रें, शिक्षकों और अभिभावकों को परीक्षाओं, तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल पर चर्चा करने वाला मंच है। शिक्षा मंत्रलय ने पहले एक ऑफिशियल बयान में कहा था कि पिछले कुछ सालों में यह पहल एक जन आंदोलन बन गई है, जो स्टूडेंट्स को आत्मविश्वास, पॉजिटिविटी और एक कंस्ट्रक्टिव सोच के साथ एग्जाम देने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि पढ़ाई से लेकर जीवन के हर मोड़ पर आने वाले परीक्षाओं से भयभीत होने के बजाय उसे उत्सव के रूप में लेते हुए आगे बढ़ते रहना है।

# कथित धर्मांतरण गतिविधियों को नपं ने रोका, उच्च अधिकारियों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ आरोपियों के खिलाफ उचित जांच व सख्त कार्रवाई की हुई मांग

नगर गुरूर के वार्ड क्रमांक 2 में कथित ईसाई धर्म के लोगो द्वारा चला रहे धर्मातरण पर रोक लगाई गई। आरोप है कि इनके द्वारा गरीब निर्धन परिवार के लोगो को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन कराने की नाकाम कोशिश की जा रही थी, जिसकी शिकायत वार्ड वासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष गुरूर को दी, शिकयत पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहु व हिन्दू संगठन के सदस्यों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी और उस पर रोक लगाते हुए इसकी सूचना उच्च अधिकारियो को दी एवं आरोपियो के खिलाफ उचित जांच तथा सख्त कार्यवाही करने की मांग किए। आरोप है कि मौके पर आरोपियो के द्वारा कुछ नगरवासियो को हिन्दू धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रलोभन दिया जा रहा था एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था, इनके द्वारा हिन्दू व्यक्तियो को भगवान का नाम लेना छोड़ देने हेतु लालच देने का सहारा लिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, चौलेश देशमुख, राकेश साहू, जयंत साहू, आकाश साहू, निलांबर साहू, रवि देशमुख, अनमोल ओझा, यमन नरेटी, आयुश देवान एवं बजरंग दल के सदस्यगण उपस्थित थे।



# सरपंच व पंचों को मिला ग्राम विकास का प्रशिक्षण

## पंचायत व स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण के सिखाए गए गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देशानुसार बुधवार को सरपंचों एवं पंचों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा पंचायत राज व्यवस्था की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था, ताकि वे ग्राम विकास में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन कर सकें। प्रशिक्षण सत्र में पंचायती राज व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई।

सरपंचों व पंचों को पंचायत के दायित्व, जिम्मेदारियां, अधिकारों के साथ-साथ ग्राम विकास में उनकी भूमिका को समझाया गया।



पंचायत को आर्थिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक रूप से सुदृढ़ बनाने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर चंद्रप्रभा सुधाकर ने बताया कि शासन द्वारा क्लस्टर-वाइज प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जेवरतला, नाहंदा, संबलपुर, गैंजी, राणाखुजी, फरदफोड़ के पंचायत भवनों में 19 ग्राम पंचायतों के सरपंचों व पंचों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि चरणबद्ध तरीके से सभी ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनकी कार्यक्षमता एवं निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि हो सके।

### ग्राम पंचायत की भूमिका पर विस्तार से की गई चर्चा

प्रशिक्षण के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य संवर्धन में पंचायत की भूमिका तथा समग्र ग्राम विकास पर जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा छत्तीसगढ़ का स्वास्थ्य परिदृश्य, प्रमुख चुनौतियां, स्वास्थ्य की अवधारणा, स्वास्थ्य के आयाम, स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्वास्थ्य सुधार में ग्राम पंचायत की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पंचायती राज व्यवस्था, पेसा अधिनियम तथा पंचायत स्तर की योजनाओं पर भी सकारात्मक संवाद हुआ। बताया गया कि एक ही दिन में चार स्थानों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक शोभा शर्मा, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक अनीता रामटेके, नैन साहू तथा मितानिन प्रशिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा और गौ सेवा संगम आठ को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ प्रात: 10 बजे से होगी जिला स्तरीय परीक्षा

■ शिक्षक एवं अभिभावकों के लिए गाय धर्म एवं विज्ञान पर संगोष्ठी

गौ विज्ञान परीक्षा के द्वितीय के परीक्षा 8 फरवरी को होगी। परीक्षा प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। परीक्षार्थियों को प्रातः 9:30 बजे तक परीक्षा केन्द्र में पहुचना होगा। नोडल अधिकारी किशन देवांगन एवं जिला गौ सेवा संयोजक योगेश्वर यादव ने बताया कि परीक्षा मे गौ विज्ञान परीक्षा जिले के विभिन्न विद्यालयो में आयोजित की गई थी जिसमे प्रथम तीन स्थान प्राप्त परीक्षार्थीयो को जिला स्तर के परीक्षा के लिए पात्र माना गया है। इसमें जिन विद्यालयो में 25 से कम परीक्षार्थी रहे है, उन विद्यालयो में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी जिला स्तरीय परीक्षा के लिए पात्र होंगे, उसी प्रकार जिन विद्यालयो में 25 से अधिक किन्तु 50 से कम परीक्षार्थी होंगे, वहां प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी जिला स्तरीय परीक्षा के लिए पात्र होंगे तथा जिन परीक्षा केन्द्रो में 50 से अधिक परीक्षार्थी थे उन विद्यालयो में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी जिला स्तरीय परीक्षा के लिए पात्र होंगे।

### परीक्षा के उपरांत गौ सेवा संगम का आयोजन

उन्होने बताया कि परीक्षा के दौरान बच्चो के साथ पहुचने वाले शिक्षक एवं पालको के मध्य गाय धर्म एवं विज्ञान विशय पर संगोष्टि होगी तथा परीक्षा के उपरांत गौ सेवा संगम का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा एवं गौ सेवा संगम का आयोजन 8 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रातः 9 बजे से 9:45 बजे तक परीक्षार्थी हेतु उपस्थित व अल्पाहार का व्यवस्था किया गया है। प्रातः 9:45 बजे परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में उपस्थित होंगे प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक परीक्षा होगा। जिसमे गौ सेवा संगम सभा का आयोजन व चर्चा व परिचर्चा होगा। दोपहर 12:10 बजे से 2 बजे तक गौ सेवा संगम कार्यक्रम होगा। दोपहर 2:05 बजे से भोजन व प्रसादी वितरण होगा।

## दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज छग का अधिवेशन 6, 7, 8 को देवरी ख में

# खेल महोत्सव व आदर्श विवाह के साथ तीन दिवसीय अधिवेशन का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

देवरी (ख) में दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज छग का 56 वा प्रांतीय अधिवेशन का आगाज शुक्रवार को खेल महोत्सव व आदर्श विवाह के साथ हुआ। प्रथम दिन काफी संख्या में समाज के लोग पहुंचे थे।

खेल महोत्सव में दिल्लीवार प्रो कबड्डी का आयोजन हुआ जिसमें सभी 8 सर्किल के खिलाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम में चार जोड़े का आदर्श विवाह भी संपन्न हुआ। दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज छग का तीन दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन शुक्रवार को समाज के महापुरुषों व शिवाजी की पूजा अर्चना एवं कुर्मी गान के साथ प्रारंभ हुआ। इसमें युवा समिति द्वारा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें समाज के सभी सर्किलों के लिए कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 8 सर्किल के खिलाड़ी शामिल हुए। स्पर्धा में फूंडा सर्किल प्रथम व सुन्दरा सर्किल द्वितीय रहे। शुभारंभ अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन, उपाध्यक्ष बंटी हरमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओंकारेश्वर हरमुख, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, तेजराम देशमुख, भानू पिपरिया, धनंजय पिपरिया, बहादुर पिपरिया, दुमन देशमुख, डोमेंद्र देशमुख, चिंतामणि देशमुख आदि मौजूद रहे।







### 16 लोगों ने किया रक्त दान

आयोजन के दौरान युवा समिति द्वारा ब्लड डोनेशन सिविर भी लगाया गया, जिसमें 16 लोगों ने रक्तदान किया।रक्तदान करने वालों में केशव बंटी हरमुख, भानू पिपरिया, शेषनारायण, उत्तम यादव, संदीप देशमुख, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, विवेक गौतम, आशीष दिल्लीवार, मुरली मनोहर, कुणाल देशमुख, द्वारिका वर्मा, धनेश्वर देशमुख आदि रहे। रक्तदान एकत्र करने आशीर्वाद ब्लड बैंक भिलाई का स्टाफ मौजूद रहा। **तेलमाटी, चुलमाटी सहित किए गए मंत्रोच्चार:** आयोजित आदर्श विवाह में तेलमाटी, चूल माटी तथा मायन में सभी लोग खूब नाचे। इसमें चार जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इनमें नंदनी थनौद संग दिलेश्वर भटगांव, सुरुचि तिरगा संग ऋतुराज डंडेसरा, टिकेश्वर भेड़सर संग हेमलता सकरौद, पूजा रिसाली संग भूपेंद्र भानपुरी का विवाह हुआ। केंद्रीय महिला समिति की अध्यक्ष प्रीती देशमुख, सचिव पुष्पा पिपरिया, जंजगीरी सर्किल महिला समिति अध्यक्ष ईश्वरी देशमुख, सचिव श्यामाबाई देशमुख, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा देशमुख, उपाध्यक्ष रेवती वर्मा, सह सचिव ममता देशमुख, आशा देशमुख, पौमिन देशमुख आदि सक्रिय रहीं।

# हेमचंद यादव विवि की प्राविण्य सूची में गुरूर कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम





■ एमए राजनीति विज्ञान में चार छात्राओं ने बनाई जगह, कम समय में कॉलेज ने बनाई शैक्षणिक पहचान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा एम.ए. राजनीति विज्ञान, सत्र 2024–25 के लिए प्राविण्य सूची जारी की गई, जिसमें स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर से संचालित एमए. राजनीति विज्ञान की छात्रओं में प्रतिभा पिता ओमप्रकाश ने 79.35 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, लक्ष्मी पिता जयप्रकाश ने 79 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान, युशु पिता थान सिंह ने 76.82 प्रतिशत के साथ पाँचवा स्थान एवं धनेश्वरी पिता तुलसीराम ने 76.70 प्रतिशत के साथ छठवाँ स्थान हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। इस महाविद्यालय में एमए. राजनीति विज्ञान की कक्षा सत्र 2020–21 से ही संचालित हो रही है, बहुत कम समय में ही यहाँ से अध्ययन करने वाली छात्रओं ने अपने मेहनत और लगन के बल पर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

इससे पुर्व सत्र 2023–24 में यहाँ से तीन छात्रओं ने तथा 2022–23 में एक छात्र ने विश्वविद्यालय के प्राविण्य सूची में स्थान बनाया था। छात्राओं की इस कामयाबी पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल. रावटे, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र कुमार धुर्वे, प्रो. एल. हिरवानी, प्रो. डीके. रात्रे, प्रो. जीएस. देवांगन, प्रो. टीएस. साहू, प्रो. प्रज्ञा कोरपे, प्रो. आरके. सोरी, प्रो. एस. जोशी, प्रो. डीके बरसेल, डॉ. नाजमा, कमला कुरेटी तथा समस्त शैक्षणिक एवं कार्यलयीन स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त की है।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

**गुरूर।** पुरूर के ग्रामीणो ने स्वास्थ्य केंद्र पुरुर के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से विभिन्न घोषणाओं को अमल करने हेतु मुलाकात किया। मुलाकात में स्वास्थ्य मंत्री के बालोद स्वास्थ्य भवन के उद्घाटन के अवसर पर ग्राम निवासियों के आग्रह पर स्वास्थ्य केंद्र में जाकर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया, साथ ही साथ बाउंड्री वॉल निर्माण तथा भवन निर्माण के लिए की गई, घोषणाओं की याद दिलाते हुए प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ भाजपा नेता जनार्दन सिंन्हा के नेतृत्व मुलाकात किया।

### महात्मा गांधी का नाम मिटाने पर तुली सरकारः संदीप कसार

**डौडी लोहारा।** शिवसेना नेता संदीप कसार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्य व केंद्र सरकार दोनों ही अपने क्रियाकलापों के द्वारा



महात्मा गांधी का नाम मिटाने पर आमदा नजर आ रहे हैं तभी तो केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर रख दिया अगर उन्हें योजना में संशोधन करना था तो जरूर कर लेते नाम से छेड़छाड़ की आवश्यकता नहीं थी।वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि अर्थात 30 जनवरी को जो कि पिछले 30-35 वर्षों से शराब बिक्री प्रतिबंधित दिवस, शुष्क दिवस के रूप में जारी था उस दिन को भी शराब शुष्क दिवस को हटाकर शराब बिक्री का खेल सिर्फ और सिर्फ राजस्व अर्जन को सर्वोपरि रखना कहां तक न्यायोचित है, अगर राजस्व अर्जन ही सर्वोपरि है तो राज्य सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वह गली-गली में चलने वाले पान दुकान व छोटे व्यवसाय करने वालों के द्वारा शराब बिक्री प्रारंभ करवा दे जिससे राजस्व अर्जन और रोजगार सृजन दोनों ही प्राप्त होंगे छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं के हित को नजरअंदाज करते हुए छत्तीसगढ़ में 67 नई शराब दुकान खोलने के फैसले को बढ़ावा देते हुए युवा वर्ग को नशाखोरी की ओर धकेलने का निर्णय लिया है। शिवसेना नेता संदीप कसार ने केंद्र व राज्य सरकार के महात्मा गांधी को लेकर उनके नकारात्मक सोच की आलोचना करते हुए कहा कि अगर ऐसे क्रियाकलापों पर अंकुश नहीं लगा तो वह दिन दूर नहीं जब शासकीय भवनों व कार्यालय यहां तक की राष्ट्रीय मुद्रा पर भी से महात्मा गांधी की तस्वीर गायब हो जाएगी, ये वही महात्मा गांधी हैं, जिनका पूरा विश्व सम्मान देता है जिनके अहिंसा और उनके क्रियाकलापों को लेकर सारा विश्व उन्हें सर आंखों पर बिठाते है ऐसे महापुरुष के नाम को मिटाने पर सरकार निश्चित ही आलोचना के लायक है।

### 'अपराजिता' का विमोचन व कवि सम्मेलन 8 को

**डौंडीलोहारा।** नारी चेतना, संघर्ष और सशक्तिकरण की संवेदनशील अभिव्यक्ति को स्वर देने वाली हर्षा देवांगन (हर्षराज) की प्रथम काव्य कृति "अपराजिता" (नारी विमर्शात्मक काव्य संग्रह) का भव्य विमोचन एवं कवि सम्मेलन रविवार, 08 फरवरी को प्रातः 11.00 बजे नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


## आयोजन : विदाई समारोह में छात्रों को मिला प्रेरक संदेश

# धूमधाम से मना प्रगति विद्यालय का 33वां वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 33वाँ वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ, प्रथम भाग में कक्षा 12 वीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसके मुख्य प्रेरणास्त्रोत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमचंद भंसाली जी रहे, उन्होंने अपने उदबोधन में सभी बच्चों को शिक्षा एवं भविष्य के प्रति लक्ष्य निर्धारित करते हुए आग रहने का आह्वान किया, साथ ही इस लय में अपने शिक्षकों एवं माता पिता के मार्गदर्शन में सतत रहने कहा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेन्द्र लुंकड एवं पी आर सोनवानी प्रबंधक विपणन सहकारी समिति भी उपस्थित रहे, द्वितीय भाग में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसके मुख्यअतिथि लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत, कार्यक्रम की अध्यक्षता हस्तीमल जी सांखला ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था सचिव फुलचंद जी डोसी, पालक समिति के अध्यक्ष डा मुकेश देशमुख, पूर्व शिक्षक विजय कुमार पटेल एवं पार्षद गायत्री देवांगन मंचस्थ रहे, स्वागत उदबोधन में प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने विद्यालय के इतिहास को दोहराते हुए सभी से विकास में योगदान की अपील की, उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति सजग रहते हुए नशापान की प्रवृत्ति से दूर रहने की अपील की, संस्था अध्यक्ष श्री सांखला जी ने मुख्य अतिथि श्री टेकाम जी से विद्यालय के अहाता निर्माण को जल्द पूरा करने निवेदन किया, मुख्य अतिथि श्री टेकाम जी ने विद्यालय की सतत प्रगति की कामना करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आहाता निर्माण में पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने की एवं विद्यालय हेतु 01 लाख आर्थिक सहयोग प्रदान करने की घोषणा की, विजय कुमार पटेल ने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के टाप करने वाले विद्यार्थियों हेतु 1100-1100 रुपये नगद पारितोषिक प्रदान किया एवं भविष्य में भी प्रदान करने की घोषणा की, इस सत्र के सभी प्रतिभावान बच्चों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया, विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति के बच्चों को भी सम्मानित किया गया, इस सत्र के आदर्श छात्रा के लिए कक्षा 12 वीं की छात्रा पल्लवी ठाकुर को घोषित करते हुए सम्मानित किया गया।

■ सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाया अद्भुत प्रदर्शन

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान आनन्द पब्लिक स्कूल के संचालक गण मिश्री लाल लोढा, दिनेश लोढा, रवि लोढा, प्रतीक लोढा पालक समिति के उपाध्यक्ष नरेंद्र भंसाली उपस्थित रहे, विद्यालय में पूर्व में अध्ययन किये प्रतीक लोढा, विकास लोढा एवं नरेन्द्र भंसाली ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया, कार्यक्रम में जिला जिला एपीसी राजेन्द्र देवांगन, बलराज गौर, प्रणय लोढा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पालक उपस्थित रहे, बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम को सभी ने सराहना की, कार्यक्रम में विद्यालयीन स्टाफ में सुश्री कीर्तिबाला टांक, गंजीर सर, उमेंद सिन्हा, युवराज यादव, ममता गौर, सुश्री उषा किरण छेदाम सहित पूरे स्टाफ शामिल रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन ललित सिंह गौर, बलदेव सिंह यादव एवं अनिल कुमार यादव ने किया।

## खुर्सीपार में हुई तीन दिवसीय राम कथा श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

खुर्सीपार में धर्मप्रेमी व समाजसेवी पोषण हरमुख व पत्नी मुन्नी हरमुख परिवार द्वारा सर्वजन हिताय के उद्देश्य को लेकर तीन दिवसीय राम कथा 7 फरवरी को सम्पन्न हुआ। जिसमें राम कथा की समापन पर कथावाचक कामता प्रसाद शरण ने कहा कि छत्तीसगढ की पवित्र धरती माता कौशिल्या काथल है और भगवान राम ननिहाल है इसलिए छत्तीसगढ़ में भांचा को बहुत सम्मान दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन चरित को आत्मसात करने की जरूरत है। आज छत्तीसगढ़ में रामगमन वनपथ का विकास किया जा रहा है, जो अच्छा पहल है, साथ ही उन्होंने बताया कि भगवान राम वनवास के समय 12 वर्ष छत्तीसगढ़ में व्यतीत किया है और उनके आशिर्वाद से छत्तीसगढ राज्य ही एक ऐसा प्रदेश है जिसे छत्तीसगढ महतारी के नाम से जाना जाता है। वही सीता राम विवाह पर श्रद्धालु भक्ति मय वातावरण में झूम उठे, पारंपरिक बाजे गाजे के विवाह में आनंद कंद भगवान राम जी के जयकारे से पूरा पंडाल झूम उठा।

■ राम कथा में भगवान राम के जीवन और छत्तीसगढ़ की पवित्रता पर केंद्रित चर्चा

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर, संतराम हरमुख, गौत राम, रेवाराम, युगल किशोर हरमुख सहित आयोजन में गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर निषाद, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, ग्राम पंचायत सरपंच गोड़ेला वागीश बंजारे सहित श्रद्धालु भाव भक्ति से हजारों की संख्या में पावन कथा श्रवण किया।

## निजी चिकित्सक कल्याण संघ ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**बालोद।** ब्लॉक के निजी चिकित्सक कल्याण संघ द्वारा शहर के शिकारी पारा में स्थित प्रशामक देख रेख गृह में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे समिति के अध्यक्ष अपर्णा श्रीवास्तव, सचिव स्वरूप लता पांडेय, उपाध्यक्ष अरीना पाण्डेय के नेतृत्व में शिविर आयोजित हुआ। जहां निजी चिकित्सक कल्याण संघ बालोद ब्लॉक के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र साहू ने कहा कि ऐसे सेवा भाव हम आगे निरंतर करते रहेंगे संघ का हमारा मूल उद्देश्य है। शिविर में संघ के उपाध्यक्ष डॉ भूपेंद्र देशमुख, सचिव डॉ गुमान साहू, कोषाध्यक्ष डॉ विनय साहू, डॉ डालेंद्र साहू, डॉ दानेश, डॉ बीआर साहू, डॉ कमलेश पटेल, डॉ जगजीवन निषाद, डॉ मूलचंद साहू, डॉ हेमू राम साहू, डॉ अतुल शर्मा, डॉ उपेंद्र सहित अन्य डॉक्टर की उपस्थिति में वृद्ध जनों का स्वास्थ्य जांच के तहत बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच किया गया।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में मूलचंद शर्मा ने किया कांग्रेस प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के बालोद आगमन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी के नेतृत्व में पूर्व छ.ग. वन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष मूलचंद शर्मा का विधिवत कांग्रेस प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने फूलमाला एवं कांग्रेसी गमछा पहनाकर श्री शर्मा को पार्टी की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में जिले के तीनों विधायक क्रमशः अनिला भेड़िया, कुंवर सिंह निषाद एवं संगीता सिन्हा, जिला प्रभारी अय्यूब खान, सीमा वर्मा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस प्रवेश के पश्चात मूलचंद शर्मा को प्रदेशाध्यक्ष सहित उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। विदित हो कि मूलचंद शर्मा की नगर, जिला तथा पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान है। उनकी धर्मपत्नी नगर पंचायत डौंडीलोहारा में लगातार 15–20 वर्षों से पार्षद एवं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के पक्ष में कार्यरत रही हैं तथा वर्तमान में जिला महिला कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालोद कृष्णा दुबे, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकाड़े, पूर्व मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी, अनिल लोढ़ा, विद्या शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर, गोविंद चन्द्राकर, हस्तीमल सांखला, पूनम लोढ़ा, संजय गुप्ता, लोकेश टांक, भोला देशमुख, गंगाराम देशमुख, राजेन्द्र निषाद, किशोर दीवान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्री शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

■ प्रदेशाध्यक्ष ने फूलमाला व कांग्रेस गमछा पहनाकर दिलाया प्रवेश

## कोलिहामार में गणेश मंदिर में मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 9 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



गणेश मंदिर निर्माण समिति कोलिहामार द्वारा गणेश, शिवलिंग, सिद्धियंत्र, हनुमान, राम दरबार मूर्ति स्थापन एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन गणेशा तालाब मंदिर प्रांगण कोलिहार में 9 से 12 फरवरी तक किया गया है। समस्त अनुष्ठान आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के निर्देशन मे पंडितों के द्वारा संपन्न होगा।

कांकेर राज के सोमवंशी नरेशों द्वारा गुरूर व ग्राम कोलिहामार, मे तालाब किनारे स्थापित भगवान गणेश प्रतिमा जो 13वीं सदी की बताई जाती है। पुराना मंदिर जीर्ण शीर्ण हो गया था, जिसे पुरी तरह नया बनाया गया है, नवीन भवन की वास्तु पूजा के सांथ मंदिर परिसर मे स्थित शिवलिंग के खण्डित होने के कारण शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव 9 फरवरी से प्रारंभ होगा। मंदिर परिसर में प्रतिमा के साथ श्रीचक्र, अप्सरा की एक शिलापट्टिका और राम–सीता–लक्ष्मण साथ में हनुमान जी की प्रतिमा व शिवलिंग की स्थापना की जा रही है। जिसमें 9 फरवरी को सुबह 10 बजे जल यात्र निकाला जाएगा व दोपहर 3 बजे अन्नाधिवास होगा। 10 फरवरी को सुबह 9 बजे वेदी पूजन, दोपहर 3 बजे जलाधिवास, सैयाधिवास शाम 6 बजे होगा। 11 फरवरी को सुबह 10 बजे प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा व 12 फरवरी को सुबह 10 बजे हवन एवं पूर्णाहुति तथा दोपहर 1 बजे महाप्रसादी एवं समापन होगा। कार्तिक पूर्णिमा में यहां मेला लगता है। निवासियों का कहना है कि यह मूर्ति तालाब की खुदाई करते हुई मिली है। गुरूर व ग्राम कोलिहामार, में तालाब किनारे स्थापित भगवान गणेश प्रतिमा छः फुट ऊँची है। दूर से ही भव्य दिखाई देते हैं। इनके कान सूप के समान हैं। आँखें सूक्ष्म हैं। इनके एक हाथ में अंकुश, दूसरे में पाष और तीसरे में मोदक धारण कर रखा है। चौथे हाथ से वे उपासकों को वे आशीर्वाद प्रदान करते हैं। सिंदूर रंग से भक्तों ने इन्हें पोत रखा है। सचमुच क्षेत्र में ऐसी गणेश जी की भव्य प्रतिमा और कहीं उपलब्ध नहीं है।

■ 13वीं सदी की प्राचीन गणेश प्रतिमा से जुड़ा है मंदिर

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



**गुरूर।** विकासखंड में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सदस्यों का बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय सचिव अनिल सिन्हा, जिला अध्यक्ष आरके सोनबोईर, जिला सचिव निरंजन गौतम एवं ब्लाक अध्यक्ष मिथलेश साहू, श्याम सुंदर देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर अनिल सिन्हा ने कहा कि हमें लोगों को जोड़ना है, ताकि संगठन की मजबूती कायम रहे और कर्मचारियों की समस्याओं को शासन प्रशासन तक अवगत कराते हुए पहल किया जा सके, साथ ही पिछले समय में संघ द्वारा किए गए कर्मचारी हित में किए गए कार्यों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दिया गया। जिला अध्यक्ष आरके सोनबोईर द्वारा संघ की एकता एवं अखंडता बनाए रखने अपील करते हुए संघ की सदस्यता शुल्क एवं समय समय पर विकास स्तरीय बैठक आयोजित कर स्थानीय स्तर की समस्याओं को निराकरण करने की बात कही गई, यदि ब्लॉक मजबूत होगा तो जिला भी मजबूत होगा। जिनसे अधिकारीयों, कर्मचारियों की समस्याओं को शासन स्तर से पहल किया जा सके अनियमित, संविदा कर्मचारियों द्वारा अपनी समस्याओं को जिला अध्यक्ष के समक्ष रखी गई, जिनका निराकरण करने आश्वस्त कर विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष मिथलेश साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर तुषार कोसमा, विभा साहू, ललिता ठाकुर, केआर उर्वशा, अश्वनी काहिरा, महेश सिंहा, कार्यकारिणी सदस्य दुर्गेश धुरव, कविता साहू, धनेश्वरी वर्मा, मोती यादव, उमेश साहू, कामिन यादव, चेतन सिंघारे, माखन व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कमरौद के 14 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नेटबॉल में चयन



**बालोद।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य और राष्ट्रीय स्तर नेटबॉल खेल प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमरौद के 14 खिलाड़ीयो ने अपने खेल का हुनर दिखाया।

जिसमें लुकेश देशमुख, तुलेश्वर पिस्दा, खिलेश्वर प्रसाद, चीतेश साहू, कमलकांत, दुलेश्वरी, अभिषेक साहू, दिशान साहू और झुमुक लाल का चयन राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम से हुआ और तुषार, मोरध्वज, चौतन्य, आरती सलाम, गीतिका ठाकुर का राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। सभी चयनित खिलाड़ियों को ग्राम कमरौद के सरपंच सुंदरलाल देवदास और उप सरपंच ललेश्वर साहू ने ग्राम पंचायत कार्यालय में सम्मानित किया गया। बालोद जिला से जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, खेल अधिकारी किशोर मेहरा, खेल समन्वयक स्वपन जेना, छबिलाल जांगड़े और विकास खण्ड गुण्डरदेही के शिक्षा अधिकारी नवीन यादव ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। संस्था के प्राचार्य बीआर साहू, व्याख्याता केपी देशमुख, इंद्रसेन देशलहरे, मुख्य लिपिक प्रमोद और सभी शिक्षकों ने भी खिलाड़ियों के प्रति हर्श व्यक्त किया, यह जानकारी विद्यालय के व्यायाम शिक्षक सजेश भोरकर ने दी।

## संकुल स्तरीय विज्ञान क्विज में चिचबोड़ की आयुषी ने जीता प्रथम स्थान



**बालोद/कलंगपुर।** बच्चों में वैज्ञानिक सोच, तर्कशक्ति और विज्ञान की अवधारणा पर केंद्रित राज्य शासन के निर्देश पर संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र बेलौदी में किया गया। जिसमे शाला स्तर पर स्थान प्राप्त संकुल के विभिन्न चार माध्यमिक शालाओं के प्रतिभागी छात्रों नें भाग लिया। प्रतियोगिता में विज्ञान की अभिरूचि पर केंद्रित प्रश्न पूछे गए।

जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिचबोड़ की छात्र आयुषी ठाकुर नें प्रथम स्तर प्राप्त कर शाला का मान बढ़ाया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू नें बच्चों में तर्कशक्ति के विकास व सृजनात्मकता से जुड़कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। क्विज प्रतियोगिता का शैक्षिक संकुल समन्वयक संजय जोशी नें किया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा की छोटे छोटे मंचो से ही हौसले बुलंद होते है। निर्णायक के रूप में व्याख्याताएनके साहू उपस्थित रहें। इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान पाठक संदीप जोशी ने कहा विद्यालय से निकल कर संकुल स्तर पर स्थान प्राप्त करना उनके प्रतिभा को प्रदर्शित करता है। शाला की ओर से शिक्षक गण मुकेश साहू, मधु नेताम, कैलाश साहू, देवेंद्र साहू, बगेस्वरी साहू पूजा साहू, दोनों सफाई कर्मी लवकुश, भीषम नें हर्ष व्यक्त की। आयुषी आगामी सोमवार को शिक्षक द्रोणकुमार सार्वा के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में संकुल केंद्र बेलौदी का प्रतिनिधित्व करेगी।

## प्रतिभावान छात्रों को मिला गौरवपूर्ण सम्मान

# भाठागांव के विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में कक्षा छटवी से बारहवी तक भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थीयो का सम्मान किया गया। जिसमें शाला स्तरीय कक्षा छटवी में साक्षी प्रथम, और रश्मि द्वितीय, सातवी में जीविका प्रथम, टीष्णा द्वितीय, आठवी में झामेन्द्र, प्रथम, झरना द्वितीय, नवमी में लुकेश्वरी प्रथम, रेशमी और किरण द्वितीय, दसवीं में झम्मन प्रथम, योगिता और वाषिका द्वितीय, ग्यारहवी में दामिनी निषाद प्रथम, रागिनी द्वितीय, बारहवी में जागृति, लीलाजलि विश्वकर्मा द्वितीय और कक्षा नवमी में पीयूष ब्लॉक गुण्डरदेही स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति,कृष्ण कुमार साहू प्राचार्य रूबी जॉनसन व समस्त शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में बताया गया कि भारती संस्कृति ज्ञान परीक्षा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित एक वार्षिक प्रतियोगिता है जो छात्रें में नैतिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को जागृत करने के लिए 11 भाषाओं में आयोजित की जाती है। यह परीक्षा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति इतिहास परंपराओं और संतों के विचारों से जोड़ती है। इसका उद्देश्य भावी पीढ़ी में राष्ट्रवाद, नैतिक जीवनशैली और प्राचीन ज्ञान के प्रति सम्मान पैदा करना। यह परीक्षा आमतौर पर ओशीट–आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न होती है।

यह विभिन्न श्रेणियों में आयोजित होती है जैसे प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा एवं प्रज्ञा। इसमें भारतीय दर्शन, महान विभूतियां, पौराणिक कथाएं, रीति–रिवाज, योग और वैज्ञानिक परंपराओं से संबंधित प्रश्न शामिल होते हैं। परीक्षा में सफल छात्रें को तहसील, जिला और राज्य स्तर पर प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। यह परीक्षा बच्चों में सांस्कृतिक चेतना जगाने का एक माध्यम है, जो उन्हें चरित्रवान और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती है।

■ भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शानदार प्रदर्शन ने बढ़ाया स्कूल का मान


online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411